an>

Title: Need to ensure payment of sugarcane arrears to farmers by sugar mills in Uttar Pradesh-laid.

श्री मलूक नागर (बिजनौर): आज देश का किसान बहुत परेशान है । किसानों की आय दोगुनी करने, गन्ने का रेट बढ़ाने, गन्ना खरीद का बकाया भुगतान आदि से संबंधित मुद्दे को मैं 8 बार संसद में, 3 बार संसदीय समितियों की बैठकों में उठा चुका हूं तथा 4 बार उ.प्र. के मंत्रियों को व बीते साल मा. वित्त मंत्री जी को पत्र लिख चुका हूं । इस तरह 16 बार इस विषय को उठा चुका हूँ और आज 17वीं बार उठा रहा हूं कि अतिशीघ्र गन्ने का खरीद मूल्य बढ़ाने के साथ-साथ उपजों का भी मूल्य लागत अनुपात में बढ़ाया जाए, व पूरे उ. प्र. में हजारों करोड़ व पूरे देश में लाखों करोड़ गन्ना किसानों का जो पैसा गन्ना फैक्ट्रियों पर बकाया है, उसे दिलवाया जाए जिससे देश की रीढ़ की हड्डी कृषि क्षेत्र मजबूत होगा एवं देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और देश का किसान खुशहाल होगा ।